संत थॉमस स्कूल,धुर्वा राँची–4

वार्षिक परीक्षा, 2020–21

विषय– हिंदी कक्षा–4

पाठ–14 चंचल नदी (आत्मकथा)

शब्दार्थ

(क) गति–चाल (ख) समतल–सपाट (ग)विस्तार–फैलाव
(घ) संहार–विनाश(ङ)लक्ष्य–उद्देश्य (च) फेन–झाग
(छ) संकल्प–दृढ़ इच्छा

1सोचिए और बोलिए–

प्रश्न1–नदी के पिता और माता का नाम बताएँ।

उत्तर–नदी के पिता का नाम पर्वत और माता का नाम बर्फ़ है ।

प्रश्न2–नदी पहाड़ों से किस रुप में गिरती है ?

उत्तर– नदी पहाड़ों से झरनों के रुप में गिरती है।

प्रश्न3–नदी का लक्ष्य क्या है ?

उत्तर–नदी का लक्ष्य समुद्र में मिल जाना है।

2सोचिए और बोलिए–

प्रश्न1 नदी के कोई तीन अन्य नाम लिखें ।

उत्तर– सरिता, तटिनी,तरंगिणी आदि नदी के अन्य नाम हैं ।

प्रश्न2– समुद्र नदी का स्वागत कैसे करता है ?

उत्तर– समुद्र हाथ में फेन की माला लिए नदी का स्वागत करता है ।

प्रश्न3–नदी मनुष्य से क्या प्रण करने के लिए कहती है ?

उत्तर–नदी मनुष्य से उसे प्रदूषित न करने का प्रण लेने के लिए कहती है।

3 सही उत्तर चुनकर (✓)लगाइए–

(क) जन्म लेते ही (ख) समतल मैदानों में (ग) संसार के कल्याण का